EPCH
हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
Connecting. Empowering. Transforming.
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

# प्रेस विज्ञप्ति

# ईपीसीएच ने इंडेक्स सऊदी अरब 2026 में किया "इंडिया हैंडमेड" का प्रदर्शन

इंडिया पवेलियन में पारंपरिक शिल्पकला और समकालीन उत्पादों के प्रति खरीदारों ने दिखाई विशेष रुचि

**नई दिल्ली – 16 सितंबर 2026** – इंडेक्स सऊदी अरब 2026 का आयोजन 15 से 17 सितंबर 2026 तक रियाद, सऊदी अरब में किया जा रहा है। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) ने विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से इंडिया पवेलियन स्थापित किया है, जिसमें भारत के पारंपरिक एवं समकालीन हस्तशिल्प उत्पादों की विविध श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है।

ईपीसीएच इंडिया पवेलियन का उद्घाटन श्री रमेश कुमार झा, वाणिज्य एवं संस्कृति विभाग, भारतीय दूतावास, रियाद द्वारा रियाद इंटरनेशनल एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में भाग ले रहे निर्यातकों और मास्टर शिल्पकारों की उपस्थिति में किया गया।

श्री रमेश कुमार झा ने ईपीसीएच इंडिया पवेलियन का भ्रमण किया और भाग ले रहे निर्यातकों एवं शिल्पकारों से बातचीत की। उन्होंने प्रदर्शित भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता, शिल्पकला और विविधता की सराहना की। इनमें बोन एनग्रेविंग, मेटल एनग्रेविंग, चिकनकारी, प्राकृतिक हस्तनिर्मित पत्थर उत्पाद तथा हस्तनिर्मित कालीन शामिल हैं। उन्होंने मास्टर शिल्पकारों द्वारा किए जा रहे लाइव क्राफ्ट डेमोंस्ट्रेशन को भी देखा और भारतीय पारंपरिक शिल्पकला एवं कौशल की प्रशंसा की।

**डॉ. नीरज खन्ना, चेयरमैन-ईपीसीएच** ने कहा, "सऊदी अरब भारतीय हस्तशिल्प के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में उभर रहा है, विशेष रूप से हॉस्पिटैलिटी, इंटीरियर, आर्किटेक्चर और लाइफस्टाइल क्षेत्रों में। इंडेक्स सऊदी अरब इंटीरियर, हॉस्पिटैलिटी, डिजाइन और फिट-आउट समाधानों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंच है, जिसमें एक्सेसरीज, डेकोर एवं होमवेयर, फर्नीचर, फर्निशिंग, टेक्सटाइल, फ्लोरिंग, किचन एवं बाथरूम उत्पाद जैसी अनेक श्रेणियां शामिल हैं। यह प्रदर्शनी भारतीय निर्यातकों को सऊदी अरब और अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों के आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स, हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स, डेवलपर्स, रिटेलर्स और सोर्सिंग कंपनियों से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करती है।"

**डॉ. खन्ना** ने आगे कहा, "इंडेक्स सऊदी अरब 2026 में भारत की भागीदारी प्रदर्शनी की विविधता और आकर्षण को और बढ़ाएगी। इससे वैश्विक निर्माताओं, रिटेलर्स और ब्रांड्स को भारत के टेक्सटाइल, होम फर्निशिंग और कंज्यूमर प्रोडक्ट उद्योगों की मजबूत उद्यमशीलता क्षमता से परिचित होने का अवसर मिलेगा और भारत से सोर्सिंग की नई संभावनाएं खुलेंगी।"

**श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच** ने कहा, "इंडिया पवेलियन को मिल रही उत्साहजनक प्रतिक्रिया सऊदी बाजार में भारतीय हस्तनिर्मित उत्पादों के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाती है। इस भागीदारी से हमारे निर्यातकों और शिल्पकारों को विभिन्न खरीदारों और उद्योग से जुड़े पेशेवरों के साथ संवाद करने तथा बाजार की पसंद, उत्पाद विनिर्देश और सोर्सिंग आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिल रहा है।"

**श्री रावत** ने आगे बताया, "इस संस्करण में ईपीसीएच के 5 सदस्य निर्यातक भाग ले रहे हैं, जो राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से प्राकृतिक पत्थर से बने हस्तनिर्मित उत्पाद, हैंडमेड टफ्टेड कालीन, हैंडमेड नॉटेड कालीन आदि प्रदर्शित कर रहे हैं। भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए ईपीसीएच ने एक थीमैटिक डिस्प्ले भी स्थापित किया है, जहां मास्टर शिल्पकारों/कारीगरों द्वारा भारतीय पारंपरिक शिल्पों का लाइव प्रदर्शन किया जा रहा है। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश से चिकन हैंड एम्ब्रॉयडरी और ब्रास एनग्रेविंग तथा दिल्ली से बोन कार्विंग के मास्टर शिल्पकारों को प्रतिनियुक्त किया गया है।"

ईपीसीएच देश से हस्तशिल्प निर्यात को विश्व के विभिन्न बाजारों में बढ़ावा देने वाली प्रमुख संस्था है। परिषद का उद्देश्य भारत की छवि उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करना है। श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान भारत से कुल हस्तशिल्प निर्यात 33,168 करोड़ रुपये (US$ 3,754 मिलियन) रहा। इसी अवधि में सऊदी अरब को हस्तशिल्प निर्यात 235.81 करोड़ रुपये (US$ 26.69 मिलियन) रहा, जिसमें रुपये के आधार पर 5.03% तथा अमेरिकी डॉलर के आधार पर 0.53% की वृद्धि दर्ज की गई।

---

**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक – ईपीसीएच
+91-9810423612

EPCH | EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्

Connecting. Empowering. Transforming.

**Press Release**

# EPCH SHOWCASES INDIA HANDMADE AT INDEX SAUDI ARABIA 2026

## India Pavilion Draws Strong Buyer Interest for traditional craftsmanship and contemporary products

**New Delhi – 16th September'2026** - "Index Saudi Arabia 2026 got underway at Riyadh, Saudi Arabia from 15th to 17th September 2026. The Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) with the support of the Office of the Development Commissioner (Handicrafts), Ministry of Textiles, Government of India has set up an India Pavilion showcasing a diverse range of traditional and contemporary Indian handicraft.

The EPCH India Pavilion was inaugurated by Shri. Ramesh Kumar Jha, Department of Commerce and Culture, Embassy of India, Riyadh, in the presence of participating exporters and Master Craftspersons at the Riyadh International Exhibition & Convention Center, Riyadh, Saudi Arabia.

Shri. Ramesh Kumar Jha, Department of Commerce and Culture, Embassy of India, Riyadh visited the EPCH India Pavilion and interacted with the participating exporters and artisans. He appreciated the quality, craftsmanship and diversity of the Indian products on display, including bone engraving, metal engraving, Chikankari, natural handmade stone products and handmade carpets. He also witnessed the live craft demonstrations by the Master Craftspersons and acknowledged the rich artistic traditions and skills represented through the Pavilion.

**Dr. Neeraj Khanna, Chairman-EPCH** said "Saudi Arabia is emerging as an important market for Indian handicrafts, particularly across the hospitality, interiors, architecture and lifestyle segments. INDEX Saudi Arabia provides a focused international platform covering interiors, hospitality, design and fit-out solutions, with product categories ranging from accessories, décor and homeware to furniture, furnishings, textiles, flooring, kitchen and bathroom products. The exhibition offers Indian exporters a valuable opportunity to connect directly with architects, interior designers, hospitality professionals, developers, retailers and sourcing companies from Saudi Arabia and other international markets.

"India's participation at INDEX Saudi Arabia 2026 will add to the fair's vibrancy and diversity, as well as familiarise global manufacturers, retailers, and brands with the robust entrepreneurship in the Indian textiles, home furnishing, and consumer products industries, opening up opportunities for sourcing from India." **Dr. Khanna** added further

**Shri Rajesh Rawat, Executive Director, EPCH**, said "The encouraging response received at the India Pavilion reflects the growing interest in Indian handcrafted products in the Saudi market. The participation is helping our exporters and artisans engage with a diverse range of buyers and industry professionals and better understand market preferences, product specifications and sourcing requirements"

**Shri Rawat** further said "in this edition, 5 member exporters are participating displaying Natural Stone Handmade Articles, Handmade Tufted Carpet, Handmade Knotted Carpet etc from Rajasthan

Haryana, Delhi, Uttar Pradesh. To promote Indian Handicrafts, EPCH has setup Thematic Display with live demonstration of Indian Traditional Crafts by Master Craftspersons / Artisans. The office of Development Commissioner [Handicrafts] has deputed Master Craftsmen of Chikan Hand Embroidery Crafts & Brass Engraving Crafts from Uttar Pradesh and Bone Carving Crafts from Delhi.

EPCH is a nodal institute for promoting exports of handicrafts from the Country to various destinations of the world and projecting India's image abroad as reliable supplier of high quality of handicrafts. The overall Handicrafts exports during the year 2025-26 was Rs. 33,168 Crores (US $ 3,754 Million). The exports of handicrafts items to Saudi Arabia during the year 2025-26 is Rs. 235.81 Crores (US $ 26.69 Million) registering a growth of 5.03% in rupee term and 0.53% in dollar term informed by Shri Rajesh Rawat, Executive Director, EPCH.

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**For more information please contact:**
Shri. Rajesh Rawat, Executive Director – EPCH
+91-9810423612

Encl: Hindi, English version and photos




**Photo 1:** EPCH India Pavilion inaugurated by Shri. Ramesh Kumar Jha, Department of Commerce and Culture, Embassy of India, Riyadh, in the presence of participating exporters and Master Craftspersons at Index Saudi Arabia 2026 at Riyadh, Saudi Arabia.



**Photo 2**: Shri. Ramesh Kumar Jha, Department of Commerce and Culture, Embassy of India, Riyadh interacted with members participating in Index Saudi Arabia 2026 at Riyadh, Saudi Arabia.




**Photo 3:** Trade visitors sourcing India Handicrafts at EPCH India Pavilion during Index Saudi Arabia 2026, Riyadh, Saudi Arabia.